## राजकीय महाविद्यालय पनारसा, तहसील व जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश) के छात्र निधि लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 6/2015 से 31.3.2016

1 **प्रथम अंकेक्षणः—**

राजकीय महाविद्यालय पनारसा, तहसील व जिला मण्डी के छात्र निधि लेखाओं अवधि 6/2015 से 31.3.2016 का अंकेक्षण श्री राम लाल, सहायक नियन्त्रक (ले0प0) द्वारा दिनांक 7.3.17 से 15.3.17 तक के दौरान सम्पन्न किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये है। आय के लिए मास 6/2015 तथा व्यय के लिए मास 8/2015 का चयन विस्तृत जाँच हेतु किया गया। आगामी अनुच्छेदों में वर्णित अभिलेख के अतिरिक्त समस्त अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया। यह संस्था का प्रथम अंकेक्षण है।

**अंकेक्षणाधीन अवधि के दौरान निम्न वर्णित प्रधानाचार्यो ने आहरण एवं संवितरण अधिकारी के पद पर कार्य किया**

| प्राचार्य का नाम | | अवधि |
|---|---|---|
| डा0 अशोक अवस्थी | अतिरिक्त कार्यभार | 11.6.2015 से 10.8.15 तक |
| प्रो0 चेतन देवी | कार्यवाहक | 10.8.15 से 16.9.15 |
| श्री कृष्ण वैद्य | प्राचार्य | 17.9.15 से अब तक |

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं व अंकेक्षण में प्रस्तुत अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। महाविद्यालय द्वारा प्रदान की गई किसी गलत सूचना एवं सूचना प्रदान न करने के लिए यह विभाग जिम्मेवार नहीं होगा। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग का उत्तरदायित्व जाँच हेतु चयनित मासों तक ही सीमित है।

2 **अंकेक्षण शुल्कः—**

राजकीय महाविद्यालय पनारसा के छात्र निधि लेखाओं अवधि 06/2015 से 31.3.2016 तक का अंकेक्षण शुल्क ₹8000 (आठ हजार मात्र) बनता है। सहायक नियन्त्रक की अंकेक्षण अधियाचना संख्या 180/2017, दिनांक 8.3.2017 द्वारा अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखाकिंत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि0प्र0, शिमला—9 को भेजने हेतु प्रधानाचार्य, राजकीय महाविद्यालय पनारसा, तहसील व जिला मण्डी से अनुरोध किया गया।

## 3 वित्तीय स्थितिः–

**(क)** राजकीय महाविद्यालय पनारस की निधिवार वित्तीय स्थिति का विवरण **परिशिष्ट "क"** के अनुसार निम्न प्रकार से है।

**(1) समिश्रित निधि**

| **वर्ष** | **2015–16** |
|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | शून्य |
| वर्ष में प्राप्ति | ₹196552 |
| ब्याज | ₹4734 |
| **कुल योग** | **₹201286** |
| वर्ष में व्यय | ₹47752 |
| अन्तशेष | ₹153534 |
| हि0.प्र0 स्टेट को0बैंक खाता सं 1606 में अन्तशेष | ₹153534 |

**(2) पुस्तकालय प्रतिभूतिः–**

| **वर्ष** | **2015–16** |
|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | ₹21800 |
| वर्ष में प्राप्ति | ₹655 |
| ब्याज | ₹22455 |
| **कुल योग** | **0** |
| वर्ष में व्यय | ₹22455 |
| अन्तशेष | ₹22455 |
| हि0.प्र0 स्टेट को0बैंक खाता सं 1605 में जमा | |

**(3) विश्वविद्यालय निधिः–**

| **वर्ष** | **2015–16** |
|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | शून्य |
| वर्ष में प्राप्ति | 99536 |
| प्राप्ति ब्याज | 1954 |
| **कुल योग** | **₹101490** |
| वर्ष में व्यय | 42600 |
| अन्तशेष | ₹58890 |
| हि0.प्र0 स्टेट को0बैंक खाता सं 1607 में जमा | ₹58890 |

**नोटः–** अन्य छोटी निधियाँ मिश्रित निधि में सम्मिलित है। मिश्रित निधि को रोकड़ बही में बाकी समस्त निधियों की आय को जोड़कर जमा किया जाता है। अतः सुझाव दिया जाता है कि इन निधियों की रोकड़ वही वर्गीकृत रूप में निधिवार तैयार की जाए। जिससे प्रत्येक निधि की स्थिति स्वतः स्पष्ट हो सके व कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाए।

**(ख) निवेशः–** अंकेक्षण अवधि के दौरान सावधि जमा योजना में कोई भी निवेश नहीं किया गया था।

**4 लघु आपत्ति विवरणीः–** लघु आपत्तियों का निपटारा अंकेक्षण के दौरान स्थल पर ही कर दिया गया।

**5 निष्कर्षः–** लेखों में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/–
(चन्द्रेश हाण्डा)
उप निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009
फोन नं0–0177 2620881

पृष्ठाँकन संख्याः–फिन(एल0ए0)एच(2)सी(II) 11 309/2017 खण्ड–3–5588–5590 दिनांक,12.09.17
शिमला–09
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1 उप सचिव (उच्चत्तर शिक्षा) हि0प्र0 शिमला–171002
2 निदेशक, शिक्षा (उच्चत्तर शिक्षा) विभाग हि0प्र0 शिमला–171001
**पंजीकृत** 3 प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय पनारसा, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का सटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर इस विभाग को भेजना सुनिश्चित करें।

हस्ता/–
(चन्द्रेश हाण्डा)
उप निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009
फोन नं0–0177 2620881